समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# पाकिस्तान के शेयर बाजार में भारत का खौफ, ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के बाद महज एक दिन में 820000000000 रुपये का नुकसान।

Publisher Published on 10 May 2025



## भारत के खौफ से पाकिस्तान के शेयर बाजार मे हंड़कंप मचा हुआ है. महज तीन दिनों में पाकिस्तान के शेयर बाजार के मार्केट कैप में 1.3 ट्रिलियन रुपये की गिरावट आई है.

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव का असर दोनों देशों के बाजारों में देखने को मिल रहा है. इस भू-राजनीतिक तनाव के दौरान भारत और पाकिस्तान दोनों के ही शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव हो रहा है. भारतीय सेना की ‘ऑपरेशन सिंदूर’ के तहत कार्रवाई करने के बाद से पाकिस्तानी स्टॉक मार्केट में भारी गिरावट देखने को मिली. महज तीन दिनों में बाजार के वैल्यूएशन में 1.3 ट्रिलियन रुपये की गिरावट आई है.

एक दिन में 820 अरब रुपये का नुकसान
गुरुवार को भी दिन में कारोबार के दौरान KSE-100 इंडेक्स में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला. भारतीय सेना के हवाई हमलों के बाद पाकिस्तान के शेयर बाजार में 6 परसेंट से अधिक की गिरावट आई. इसके चलते बीच में ट्रेडिंग एक घंटे के लिए रोकनी पड़ गई. केएसई-100 सूचकांक में अब तक के सबसे खराब इंट्राडे उतार-चढ़ाव के बाद निवेशकों में घबराहट इतनी बढ़ गई कि महज एक ही कारोबारी सत्र में मार्केट कैप में 820 अरब रुपये की गिरावट आई. इसी के साथ इंडेक्स भी 6,400 से अधिक अंक फिसलकर अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया.

तीन दिन में हुआ इतना नुकसान

पिछले तीन कारोबारी सेशन में पाकिस्तान के शेयर बाजार के मार्केट कैप को 1.3 ट्रिलियन रुपये का भारी नुकसान पहुंचा है. गुरुवार के कारोबारी सत्र में KSE-100 इंडेक्स में 10,000 अंक से ज्यादा का उतार-चढ़ाव देखा गया, जो दिन में एक समय 1872 अंक तक चढ़ गया था और इसके बाद 8,410 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया.

भारतीय शेयर बाजार को भी पहुंचा नुकसान

इस तनाव का असर भारतीय शेयर बाजार में भी देखने को मिल रहा है. चौतरफा बिकवाली से शेयर बाजार निवेशकों को दो दिनों में 7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है. इस बढ़ती अनिश्चितता के बीच बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 7,09,783.32 करोड़ रुपये घटकर 4,16,40,850.46 करोड़ रुपये (4.86 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) रह गया है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.